[1]

Date

Page

विषय- हिन्दी I
कक्षा - 8

पाठ-4 दीवानों की हस्ती

शब्द	अर्थ
हस्ती	अस्तित्व
आलम	दुनिया, संसार
मस्ती	खुशियाँ
उल्लास	प्रसन्नता
जग	संसार
छककर	जी भरकर
स्वच्छंद	अपनी इच्छा के अनुसार चलने वाला
निसानी (निशानी)	पहचान चिह्न
उर	हृदय
पराया	दूसरों का
आबाद रहना	हँसी- खुशी जीवन बिताना

प्रश्न- अभ्यास-

प्रश्न-1 कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

उत्तर- कवि ने अपने आने को 'उल्लास' इसलिए कहा है

Date
Page

क्योंकि वह मस्ती की दुनिया में जीने वाला व्यक्ति है, वह अन्य लोगों को खुशियों का संदेश देता फिरता है जिससे लोगों को उनके दुख भूलने का अवसर मिल जाता है उनका जीवन उल्लासमय हो जाता है।

कवि ने जाने को आँसू बनकर बह जाना इसलिए कहा है क्योंकि उनके जीवन में आई ये खुशियाँ चिरकाल (लम्बे समय तक) के लिए नहीं हो पाती हैं, कवि इसे अपनी असफलता मानता है। इससे कवि को दुख भी होता है।

प्रश्न-2 भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है? क्या वह निराश है या प्रसन्न है?

उत्तर- कवि ऐसा इसलिए कहता है कि वह उनके जीवन में में खुशियाँ भरना चाहता है परन्तु वे खुशियाँ अल्प समय के लिए ही होती है, कवि उन्हें चिरकालीन बनाना चाहता है, अपने इस प्रयास में असफल होने पर वह इसे अपने हृदय पर असफलता का बोझ समझता है, इससे कवि की निराशा प्रकट होती है।

प्रश्न-3 कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी?

उत्तर- कविता में निम्नलिखित बातें हमें अच्छी लगी—

Date
Page

- कविता में आत्मकेंद्रित होने की बजाय सभी के सुख-दुख का ध्यान रखने की बात कही गई है।
- कविता में सुख-दुख को समानभाव से अपनाने की बात की गई है।
- कविता में प्यार लुटाकर दूसरों के दुख दूर करने की बात कही गई है।
- कविता में उल्लासपूर्वक मस्ती का जीवन बिताने का संदेश दिया गया है।

अन्य प्रश्न-उत्तर

प्रश्न-4 लोगों ने दीवानों से क्या पूछा?

उत्तर लोगों ने दीवानों से पूछा— " वे यहाँ किसलिए आए थे और इतनी जल्दी कहाँ चल दिए।

प्रश्न-5 दीवानों ने जग से क्या लिया और क्या दिया?

उत्तर दीवानों ने संसार के लोगों से उनके दुख लेने तथा उन्हें खुशियाँ देने का प्रयास किया।

प्रश्न-6 दीवानों ने अपनी क्या अभिलाषा व्यक्त की है?

उत्तर दीवानों ने यह अभिलाषा प्रकट की है कि जो जहाँ भी

Date ______

Page ______

रह रहा है वहाँ खुशी-खुशी अपना जीवन बिताए।

प्रश्न-7 कवि और कविता का नाम लिखिए।

उत्तर कवि का नाम भगवतीचरण वर्मा और कविता का नाम दीवानों की हस्ती है।

प्रश्न-8 कविता में दीवानों की क्या विशेषता बताई गई है?

उत्तर कविता में निम्नलिखित विशेषता बताई गई है-

- दीवाने अभाव में भी खुश रहते हैं।
- वे दूसरों के जीवन में उल्लास लाने का प्रयास करते हैं।
- वे एक स्थान पर टिकने वाले नही हैं।

Scanned with CamScanner